**NEWS CLIPPING: 20.06.2020**

## THE TRIBUNE

# YMCA ADMISSION SCHEDULE OUT

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, here has released its admission schedule for all undergraduate (UG) and postgraduate (PG) courses for the academic year 2020-21 and invited online application forms through university portal. Last date for the submission of online application form for UG courses will be July 31 and for PG courses, July 20. This year, the university has introduced more science and engineering courses at PG level. Admission to all BTech courses will be done only through online off-campus counselling conducted by the Haryana State Technical Education Society (HSTES) under the Haryana Technical Education Department. Besides, admission to all other UG and PG courses will be done at university level. The university has also launched admission helpline number 88263-50209 and an e-mail ID (helpdesk.acdjcbust@gmail.com) for inquiries related to admission. The admission brochure with all information related to eligibility criteria, number of seats and schedule for entrance test can be seen and downloaded from the university website www.jcboseust.ac.in.

The Tribune Sat, 20 June 2020 https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 20.06.2020**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय ऑनलाइन करेगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

फरीदाबाद, 19 जून (ब्यूरो): कोरोना महामारी के मद्देनजर जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन डिजिटल प्लेटफार्म पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए 21 जून को आनलाइन योग सत्र का आयोजन करेगा। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम है 'घर पर योग, परिवार के साथ योग'। कोरोना महामारी की संक्रामक प्रवृति को देखते हुए इस बार विश्वविद्यालय में योग दिवस पर सामाजिक दूरी को बनाये रखते हुए आनलाइन आयोजन का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लखविन्दर सिंह ने बताया कि 21 जून को विश्वविद्यालय द्वारा प्रातः 7 बजे से 8:30 बजे तक योग सत्र का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा एलुमनाई एसोसिएशन 'मॉब' के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कालेज फार स्किल डेवलेपमेंट का तकनीकी सहयोग रहेगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया है कि वे आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर सफल बनाये। उन्होंने कहा कि नियमित योग अ यास तनाव से राहत देता है और हमें शांत बनाता है, इस प्रकार, यह हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करता है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय द्वारा 8 जून से 20 जून, 2020 तक विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन योग सत्र भी आयोजित कर रहा है, ताकि उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह सत्र विश्वविद्यालय की निरमायम योग सोसाइटी द्वारा डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की देखरेख में संचालित किया रहा है।


पंजाब केसरी ई-पेपर Sat,20 June 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 20.06.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी ऑनलाइन मनाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः** कोरोना महामारी के मद्देनजर जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर करने का फैसला लिया है। यूनिवर्सिटी आयुष मंत्रालय की तरफ से जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल का अनुसरण करते हुए 21 जून को ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन करेगी। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम 'घर पर योग, परिवार के साथ योग' रखा गया है। यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स वेलफेयर डिपार्टमेंट डीन डॉ लखविंद्र सिंह ने बताया कि 21 जून को यूनिवर्सिटी की तरफ से सुबह 7 बजे से साढ़े 8 बजे तक योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की तरफ से एलुमनाई असोसिएशन के सहयोग से होगा, जिसमें यूनिवर्सिटी के कम्युनिटी कॉलेज फॉर स्किल डिवेलपमेंट का तकनीकी सहयोग रहेगा। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने सभी छात्रों व कर्मचारियों से आह्वान किया है कि वे आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर इसे सफल बनाएं। यूनिवर्सिटी की तरफ से 20 जून तक छात्रों व कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन कराया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 20.06.2020**

**THE TRIBUNE**

# WEBINAR ON ART AND MEDIA

**Faridabad:** The Department of Liberal Arts and Media Studies of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, here organised a webinar on 'Art of digital media production' as a part of ongoing webinar series with the title 'Samvaad'. Dr Paramveer Potiala from Central University of Punjab, Bathinda, and Suresh Verma from Jamia Milia Islamia University, New Delhi, were the expert speakers in the webinar. The session was presided over by Chairperson of the Department Dr Atul Mishra, who welcomed the invited speakers. The session was moderated by Assistant Professor (JMC) Dr Sonia Hooda. Addressing the session, Verma shared his experience with the students and answered some common queries of the students on writing a compelling script in the digital age. Dr Paramveer talked about different phases of development of camera devices. He elaborated various camera shots and angles, besides, art and skills involved in it.

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.06.2020**

**AMAR UJALA**

# ऑनलाइन ही होगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

फरीदाबाद। कोरोना संक्रमण के काल में जेसी बोस विवि ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ऑनलाइन ही आयोजित करने का निर्णय लिया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम है 'घर पर योग, परिवार के साथ योग' के अनुसार ही आयोजन किया जाएगा। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लखविंदर सिंह ने बताया कि 21 जून को विवि सुबह 7 से 8:30 बजे तक ऑनलाइन योग का आयोजन किया जाएगा। एलुमनाई एसोसिएशन 'मॉब' के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जाएगा। ब्यूरो